# Code No. 601

**CLASS : 9th (Ninth)** **Series : 9-M/2018**

*रोल नं०* ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

## हिन्दी

(Only for Fresh/School Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **13** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में सबसे ऊपर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

*नोट : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिये गये हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**खण्ड – क**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :

(क) व्यंजन किसे कहते हैं ? इसके भेदों के नाम लिखिए। 2

(ख) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर स्वरचित वाक्यों में प्रयोग कीजिए। 2

आँखों का तारा, कान भरना।

(ग) समासविग्रह करके समास का नाम भी लिखिए। 2

देशवासी, दूधपानी।

(घ) अविकारी शब्द किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 2

(ङ) उपसर्ग व मूल शब्द अलग-अलग कीजिए। 2

उपकार, अनपढ़।

## खण्ड – ख

**2.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग **250** शब्दों में निबन्ध लिखिए : 8

(क) मेरा पुस्तकालय

(ख) जीवन में खेलों का महत्त्व

(ग) स्वच्छता एक लाभ अनेक

(घ) दीपोत्सव 'दीपावली'

(ङ) मेरी हिन्दी मेरा मान

**3.** अपने मित्र की माँ के आकस्मिक निधन पर दुख प्रकट करते हुए उसे एक सांत्वना-पत्र लिखिए। 4

**अथवा**

अपने विद्यालय में अन्तरविद्यालयी खेल प्रतियोगिता आयोजित करवाने के लिए मुख्याध्यापक को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

**4.** निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों के नाम बताइए : 3

(क) सजना है मुझे सजना के लिए।

(ख) काँटेदार कुरूप खड़े हैं।

(ग) और सरसों की न पूछो हो गई सबसे सयानी।

**खण्ड – ग**

**5.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***सही*** उत्तर चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 5 = 5$

(i) बच्चे कैसी सड़क से काम पर जा रहे हैं ?

(क) कच्ची सड़क

(ख) चमकदार सड़क

(ग) कोहरे से ढकी सड़क

(घ) पक्की सड़क

(ii) कवि को दक्षिण दिशा में पैर न करके सोने का क्या लाभ हुआ ?

(क) दक्षिण दिशा पहचान गया

(ख) सपने नहीं आते थे

(ग) गहरी नींद आती थी

(घ) जल्दी उठ जाता था

(iii) लता किसकी प्रतीक है ?

(क) प्रेमिका की (ख) सहेली की

(ग) बहन की (घ) माता की

(iv) कवि को किस पक्षी का मीठा स्वर सुनाई पड़ रहा था ?

(क) सुग्गे का (ख) कोयल का

(ग) मोर का (घ) कबूतर का

(v) 'मोकों कहाँ ढूँढे बंदे' में किसको ढूँढनें की बात कही गई है ?

(क) पिता को

(ख) माता को

(ग) बहन को

(घ) ईश्वर को

**6.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

माँ की ईश्वर से मुलाकात हुई या नहीं
कहना मुश्किल है
पर वह जताती थी जैसे
ईश्वर से उसकी बातचीत होती रहती है
और उससे प्राप्त सलाहों के अनुसार
ज़िन्दगी जीने और दुख बरदाश्त करने के
रास्ते खोज लेती है

(क) कवि और कविता का नाम बताइए।

(ख) इस काव्यांश का मुख्य विषय क्या है ?

(ग) कवि की माँ ईश्वर की सलाहों के अनुसार क्या खोज लेती थी ?

(घ) कवि की माँ की किससे मुलाकात होती रहती थी ?

(ङ) 'रास्ता खोज लेना' से आपका क्या आशय है ?

**7.** निम्नलिखित काव्यांश का भाव सौन्दर्य, शिल्प सौन्दर्य और भाषा वैशिष्ट्य स्पष्ट कीजिए : $2 \times 3 = 6$

पेड़ झुक झाँकने लगे गरदन उचकाए,
आँधी चली धूल भागी घाघरा उठाए
बाकी चितवन उठा, नदी ठिठकी घूँघट सरके।
मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के

(क) काव्य सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए।

(ख) भाव सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए।

(ग) भाषा वैशिष्ट्य स्पष्ट कीजिए।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 2 = 4$

(क) 'आँधी पाछे जो जल बूढ़ा, प्रेम हरि जन भीनां ?
पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) कविता के आधार पर हरे चने का सौन्दर्य अपने शब्दों में लिखिए।

**9.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***सही*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 5 = 5$

(i) 'अस्तगामी' का क्या अर्थ है ?

(क) चलने वाला  (ख) डूबता हुआ

(ग) ठहरा हुआ  (घ) उगता हुआ

(ii) महादेवी के भाई का नाम क्या रखा गया था ?

(क) आलोक मोहन  (ख) मनमोहन

(ग) क्षितिज मोहन  (घ) त्रिभुवन

(iii) प्रेमचन्द ने फोटो (चित्र) में कैसे जूते पहने हुए थे ?

(क) चमड़े के (ख) रबड़ के

(ग) कैनवस के (घ) जूट के

(iv) लोगों ने जलती हुई मैना को देखकर उसे क्या समझकर प्रणाम किया ?

(क) देवी (ख) वीर पुत्री

(ग) देशभक्त (घ) निडर भारतीय नारी

(v) 'सांस्कृतिक अस्मिता' का क्या अर्थ है ?

(क) सांस्कृतिक पहचान

(ख) सांस्कृतिक विकास

(ग) सांस्कृतिक पतन

(घ) सांस्कृतिक मेल

**10.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

सालिम अली प्रकृति की दुनिया में एक टापू बनने की बजाए अथाह सागर बनकर उभरे थे। जो लोग उनके भ्रमणशील स्वभाव और यायावरी से परिचित हैं, उन्हें महसूस होता है कि वे आज भी पक्षियों के सुराग में ही निकले हैं और बस अभी गले में दूरबीन लटकाए अपने खोजपूर्ण नतीजों के साथ लौट आएँगे।

(क) सालिम अली की तुलना सागर से क्यों की गई है ?

(ख) टापू से क्या तात्पर्य है ?

(ग) लोगों को सालिम अली के विषय में क्या महसूस होता था ?

(घ) सालिम अली आजीवन किस महान कार्य में लगे रहे ?

(ङ) उक्त गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम बताइए।

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : $2 \times 3 = 6$

(क) किन घटनाओं से पता चलता है कि हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी ?

(ख) 'मूक प्राणी मनुष्य से कम संवेदनशील नहीं होते' 'एक कुत्ता और एक मैना' पाठ के आधार पर बताइए।

(ग) आज की उपभोक्तावादी संस्कृति हमारे दैनिक जीवन को किस प्रकार प्रभावित कर रही है ?

**12.** प्रेमचन्द ***अथवा*** हरिशंकर परसाई के जीवन और साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 4

**13.** ***कृतिका भाग - 1*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $3 \times 5 = 15$

(क) 'गरीब आदमी का शमशान नहीं उजड़ना चाहिए' इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) खरीद - बिक्री बंद हो जाने पर भी पान की बिक्री अचानक क्यों बढ़ गई थी ?

(ग) 'शंकर जैसे लड़के या उमा जैसी लड़की' समाज को आज कैसे व्यक्तित्व की जरूरत है ? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

(घ) ''लेखिका की माँ परम्परा का निर्वाह न करते हुए भी सबके दिलों पर राज करती थी।'' इस कथन के आलोक में लेखिका की माँ की विशेषताएँ बताइए।

(ङ) ''सबकी जुबान पर एक ही जिज्ञासा, - पानी कहाँ तक आ गया है ?'' इस कथन से जनसमूह की कौन-सी भावनाएँ व्यक्त होती हैं ?